## एक नजर में

### बीएलओ संतोष शर्मा निलंबित

**शाजापुर, 19 नवंबर.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने निर्वाचक नामावली गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य में लापरवाही बतरने पर मतदान केन्द्र क्रमांक 185 के बीएलओ जल संसाधन विभाग शाजापुर के कापिस्ट संतोष शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है. निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील मो.बड़ोदिया रहेगा एवं नियामनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी.

### इंदिरा गांधी की जयंती मनाई



**शुजालपुर, 19 नवंबर.** ब्लॉक कांग्रेस द्वारा 19 नवंबर बुधवार को पंडित लीलाधर जोशी समाधि स्थल तपोवन पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई. कांग्रेस वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी आयरन लेडी थी, उनका जन्म 19 नवंबर 1917 को हुआ था. उन्होंने पाकिस्तान के दो टुकडे कर बांग्लादेश का निर्माण किया. उन्होंने अपने कार्यकाल में कई महानतम कार्य किए. वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रहलाद चंद्र शर्मा ने स्व. इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवं उपस्थित कांग्रेस जनों ने स्व. इंदिरा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड, पूर्व पार्षद महेंद्र नाहर, पूर्व शहर अध्यक्ष अन्नू पठान, पूर्व शहर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी, शहर अध्यक्ष रईस पठान, अनिल नालमे, असंगठित कामगार कांग्रेस प्रदेश सचिव विशाल शर्मा, मोहन धनगर, किशोर पाटीदार, बसंत गुप्ता, अनिल अग्रवाल, बाबुलाल सूर्यवंशी आदि उपस्थित रहे.

### वीर बाल दिवस मेला आयोजित



**शुजालपुर, 19 नवंबर.** ग्राम भारती शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर जामनेर में बुधवार को रानी लक्ष्मी बाई के जन्म दिवस अवसर पर विद्यालय परिसर में बाल मेले का आयोजन किया. जिसमें उत्साह के साथ संस्था के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सामग्रियों की दुकानें लगाई और इनके उत्साहवर्धन के लिए अभिभावक सहित शिक्षक शामिल हुए और दुकानों पर खरीदारी की. इस आयोजन के दौरान छात्र-छात्राएं हर्षित रहे और व्यापार के संबंध में जाना. प्रधानाचार्य रोशन सिंह परमार ने बच्चों को क्रय विक्रय मापन और भी अन्य व्यापार संबंधी जानकारी दी.

### पूर्व विधायक कुणाल चौधरी का पुतला जलाया



**शुजालपुर, 19 नवंबर.** विधानसभा क्षेत्र कालापीपल के पूर्व विधायक एवं युवा कांग्रेसी नेता कुणाल चौधरी का शहर से सटे हुए कमलिया गांव में परमार समाजजनों ने पुतला जलाया. समाजजन पूर्व विधायक कुणाल चौधरी द्वारा सोशल मीडिया पर जारी की गई पोस्ट में उनके पूर्वजों के संबंध में की गईआपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आक्रोशित है. बता दे पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार का उल्लेख करते हुए राजा राममोहन राय पर दिए गए वक्तव्य के बाद सोशल मीडिया पर यह पोस्ट जारी की थी, जिसको लेकर क्षेत्र में पिछले तीन चार दिनों से परमार समाजजनों द्वारा सोशल मीडिया पर पूर्व विधायक चौधरी से माफी मांगने एवं की गई टिप्पणी पर आक्रोश जताया जा रहा है. यह मामला क्षेत्र में परमार समाजजनों के बीच व्यापक रूप ले रहा है और इसी के चलते कमलिया गांव में पूर्वजों को लेकर किए गए आपत्तिजनक कथन के विरोध में पूर्व विधायक चौधरी का पुतला दहन किया गया. इस दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि जब तक कुणाल चौधरी, परमार समाज और राजा भोज के वंशजों से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते तब तक यह विरोध और उग्र होता जाएगा. पुतला दहन के दौरान बडी संख्या में युवा समाजजन मौजूद थे.

### राजपाल जिला महामंत्री नियुक्त

**शुजालपुर, 19 नवंबर.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महा सचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से सद्भावना एवं कोमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सच सलुजा ने प्रकोष्ठ में विभिन्न नियुक्तियां की, जिसमें शुजालपुर के युवा कार्यकर्ता सर्वजीत राजपाल चिंटू को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया. इस नियुक्ति पर कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

# नागा साधू बनकर लूट करने वाले 3 आरोपी पकड़ाए, 1 फरार

## कार सहित करीब 6 लाख का माल बरामद, लालघाटी पुलिस को मिली सफलता



**शाजापुर, 19 नवंबर. शाजापुर से गुजरे एनएच 53 पर भैरव डूंगरी के समीप 11 नवंबर को सुबह करीब 11.30 बजे नागा साधू बनकर अज्ञात आरोपियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था. पुलिस ने महज 8 दिनों में लूट करने वाले 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी फरार बताया जा रहा है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में उपयोग की गई कार सहित 5.88 लाख रुपए का माल बरामद किया गया है.**

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाजापुर गोपालसिंह चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी लालघाटी निरीक्षक अर्जुनसिंह मुजाल्दे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की. पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं एसआईटी स्तर पर की गई सतत कार्यवाही के परिणामस्वरूप घटना में प्रयुक्त इको कार क्रमांक एचआर 10 एयू 6999 की पहचान करते हुए टीम ने हरियाणा (सोनीपत, कुण्डली, मुरथल) क्षेत्रों में लगातार पीछा किया. पुलिस की सक्रियता से अवगत होने पर आरोपी कुछ समय तक स्थान बदलते रहे, लेकिन टीम ने खोज जारी रखी.

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

कार्यवाही में लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुनसिंह मुजाल्दे, उनि हेमन्त पटेल, प्रधान आरक्षक मुकेश पटेल, जसवंत जाटव, अरविंद तिलावदिया, आरक्षक शैलेन्द्र गुर्जर, सायबर सेल प्रभारी विकास तिवारी एवं सायबर टीम, जिला शाजापुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

**कार व आभूषण बरामद...**

आरोपियों से पूछताछ एवं तलाशी में घटना में प्रयुक्त इको कार, सोने की रिंग, सोने की अंगूठी, सोने की बाली, सोने के मंगलसूत्र का पेंडल, 10 सोने के पारे, कुल मूल्य लगभग 5 लाख 88 हजार रुपए का सामान बरामद किया गया. पूछताछ में आरोपियों ने देवास में भी इसी प्रकार की लूट की वारदात को स्वीकार किया है. आरोपियों को गिरफ्तार कर अन्य संभावित अपराधों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है.

**सुनेरा में दबिश दी, घेराबंदी कर पकड़ा...**

18 नवंबर को मुखबीर से प्राप्त सूचना एवं तकनीकी माध्यम से मिली लोकेशन के आधार पर थाना लालघाटी की टीम ने सुनेरा क्षेत्र में दबिश देकर तीन आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया. जिसमें सावन उर्फ गोगा नाथ पिता रामचंद्र नाथ, उम्र 19 वर्ष, विक्की नाथ उर्फ टिल्लू पिता मौसम नाथ, उम्र 22 वर्ष और नीरज नाथ पिता दास नाथ, उम्र 32 वर्ष सभी निवासी सपेरा बस्ती, आरके कॉलोनी, मुरथल, जिला सोनीपत, हरियाणा शामिल हैं. घटना में शामिल एक अन्य आरोपी सनी वाल्मीकि ड्राइवर निवासी आरके कॉलोनी, मुरथल फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है.

# 20 दिन से बंद पड़ी नेशनल हाईवे 552 जी की स्ट्रीट लाइट

## शिकायत दर्ज करने के बाद भी नहीं हो रहा समाधान



**सोयतकलां, 19 नवंबर. नगर के नेशनल हाईवे 552 जी पर 20 दिनों से अंधेरा छाया हुआ है. स्ट्रीट लाइट बंद होने की वजह से आए दिन हादसों का डर बना रहता है. ऐसा नहीं है कि जिम्मेदारों को दिखाई नहीं दे रहा है, पर वे इस समस्या को देख कर भी अनदेखा कर रहे हैं.**

यदि किसी ने 1033 नंबर की गाड़ी देखी और उनको स्ट्रीट लाइट के बारे में बताया, तो उनका एक ही सीधा सा जवाब रहता है आप 1033 पर शिकायत दर्ज करें. वहां से जानकारी मिलने के बाद स्ट्रीट लाइट को देखा जाएगा. नागरिक दुर्गेश प्रजापति, दिलीप सेन, मुकेश भावसार आदि लोगों ने बताया हमारे द्वारा 1033 पर शिकायत दर्ज किए हुए 15 दिन से अधिक हो गए हैं. पर आज तक कोई समाधान नहीं हुआ.

**बना रहता है हादसे का अंदेशा...**

नगर में शाम के समय लोग टहलने के लिए इसी मार्ग पर करीब 1 से 2 किलोमीटर दूर तक जाते हैं. ऐसे में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट के कारण वारदात होने का डर बना रहता है. जिसके चलते कई लोग टहलने नहीं जा पा रहे हैं. वहीं नेशनल हाईवे पर बैठी गोवंश भी अंधेरे की वजह से दिखाई नहीं देती, जिससे हादसे का डर बना रहता है.

**इनका कहना है**

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है कि 20 दिन से सोयतकलां नगर की स्ट्रीट लाइट बंद है. मैं कल आकर दिखवाता हूं.*

***- पीके मिश्रा, संबंधित अधिकारी***

# सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ का वितरण



**शाजापुर, 19 नवंबर. माह अक्टूबर 2025 में सेवानिवृत्त हुए 14 शासकीय सेवकों में से उपस्थित 11 को गत दिवस समारोहपूर्वक पीपीओ वितरित किए गए.**

अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी ने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का पुष्प माला एवं श्रीफल से सम्मान किया. अपर कलेक्टर सोलंकी ने सभी सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को बेहतर स्वास्थ्य और खुशहाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के उपरांत सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं बिना चिंता के जीवन यापन करें. माह अक्टूबर 2025 सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों में राम सहाय जाटव, जगदीश चन्द्र कारपेंटर, मनोहर लाल परमार, पीरूलाल मालवीय, धनसिंह राजपूत, महेन्द्र सिंह राजपूत, ब्रजकिशोर अस्तेय, कृष्णा दास बैरागी, श्रीमती उर्मिला उपाध्याय, अनिल कुमार शर्मा एवं श्रीमती अमिता माथुर उपस्थित थी. इस अवसर पर जिला पेंशन अधिकारी जीएल गुवाटिया, सहायक पेंशन अधिकारी भारत भूषण श्रीवास्तव मौजूद रहे.

# लापरवाही पर विभिन्न कर्मचारियों का सूचना पत्र जारी

**शुजालपुर, 19 नवंबर.** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 कार्य में सहयोग नहीं करने एवं लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शाजापुर ऋजु बाफना ने कार्यवाही करते हुए करण बताओ सूचना पत्र दिए हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बंजारी बेहरावल चौकी नसीराबाद की आंगनवाडी कार्यकर्ता हेमलता ठाकुर, नगरपालिका शुजालपुर के गजराज सिंह खींची, जनपद पंचायत शुजालपुर की ग्राम पंचायत भीलखेडी के सचिव नाथूसिंह गुर्जर, जनपद पंचायत शुजालपुर की ग्राम पंचायत चौकी नसीराबाद ग्राम बंजारी बेहरावल के सचिव जगदीश मीणा, जनपद पंचायत शुजालपुर की ग्राम पंचायत कमलिया के सचिव मुकेश सिंह चौहान, जनपद पंचायत शुजालपुर की ग्राम पंचायत भीलखेडी के रोजगार सहायक मुकेश कुमार शर्मा को कारण बाताओ सूचना पत्र दिया गया है.

# संभाग स्तरीय वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता में मंदसौर विजेता

## शाजापुर टीम उपविजेता, बीकेएसएन कॉलेज में हुआ आयोजन



**शाजापुर, 19 नवंबर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में बुधवार को संभाग स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें शाजापुर, उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर की टीमों ने भाग लिया. फाइनल मुकाबला शाजापुर व मंदसौर के बीच हुआ, जिसमें मंदसौर की टीम ने बाजी मारते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया.**

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विपुल कसेरा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती संगीता भंडावत, श्रीमती रेखा मीणा व श्रीमती अनिता कुंभकार रही. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी ने की. मुख्य अतिथि कसेरा ने कहा कि खेल जगत में अनुशासन पहली जरूरत है. खेलों से हम परस्पर सौहार्द, टीम भावना के साथ नेतृत्व जैसे हुनर सीखते हैं. श्रीमती भंडावत ने बताया कि खेल विद्यार्थियों में नेतृत्व करने की क्षमता को विकसित करते हैं. प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर जिला खेल युवा एवं कल्याण अधिकारी रविन्द्र हार्डिया व शासकीय महाविद्यालय गुलाना के प्राचार्य डॉ. बीएस विभूति ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया. कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रकाश बर्फा ने किया. प्रतियोगिता में हिमांशु पाटीदार, विनय चौधरी, विजय ठाकुर मैच रैफरी के रूप में मौजूद थे. क्रीडा अधिकारी डॉ. सूरज जाट, डॉ. आयुष त्रिवेदी, अभय भौसले, अजय हनोतिया, पवन गुर्जर उपस्थित रहे. इस अवसर पर समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही. आभार क्रीडा प्रभारी डॉ. दिनेश निंगवाल ने माना.

### तोल में गड़बड़ी की सूचना पर तोल कांटा सील

**शाजापुर, 19 नवंबर.** कृषि उपज मंडी अकोदिया में गत दिवस गोपाला ट्रेडर्स के बड़े तोल कांटे से तोल में गड़बड़ी करने की सूचना प्राप्त होने अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर राजकुमार हलदर द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर नायब तहसीलदार की उपस्थिति में तोल कांटे को सील किया गया. इस दौरान नापतोल विभाग को कांटे की जांच के लिए पत्र लिखा गया है. साथ ही मंडी सचिव को कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया है. कृषकों को आश्वस्त किया गया कि नापतोल विभाग जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी पाए जाने पर अंतर की राशि का भुगतान संबंधित व्यापारी से कराया जाएगा एवं व्यापारी लायसेंस निलंबित करने की कार्यवाही की जाएगी. आश्वासन के बाद किसानों के द्वारा किया जा रहा आंदोलन समाप्त किया गया.

# एसआईआर के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक



**शाजापुर, 19 नवंबर. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में कलेक्टर सुश्री बाफना ने जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की आवश्यक जानकारी दी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया. उन्होंने जिले में मतदाता की मैपिंग एवं एसआईआर के किए जा रहे कार्य की जानकारी दी. कलेक्टर ने सभी राजनैतिक दलों से एसआईआर कार्य में बीएलए के माध्यम से सहयोग कर कार्य में प्रगति लाने सहित अन्य निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने बताया कि जिले में एसआईआर कार्य में ग्राम के वरिष्ठजनों, सरपंचों, बीएलए, एनआरएलएम की दीदीयों, शिक्षित युवाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, वालेंटियर्स एवं जनपद पंचायतों के इंजीनियर, गैर शासकीय लोगों आदि का सहयोग लिया जा रहा है. उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर बीएलओ के साथ रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिवों द्वारा गणना प्रपत्र वितरण एवं प्राप्ति उपरांत बीएलओ एप्प पर डिजिटाईज किए जा रहे हैं. इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी आलोक वर्मा, सुपरवाईजर सुनील तिवारी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आशुतोष शर्मा व सन्नी दुबे, भारतीय जनता पार्टी से मनोहर विश्वकर्मा, जितेन्द्र मीणा, भगवान सिंह राजपूत, लाखन सिंह राठौर, प्रदीप व्यास, शिवाजी सोनी एवं अजय पोल उपस्थित थे.

**एक नजर में** — उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर हुआ रोमांचक मुकाबला, नीमच को दी शिकस्त

# अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में उज्जैन बना विजेता



**शाजापुर, 19 नवंबर. स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर शांति देवी सिकरवार स्मृति अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा का खिताबी मुकाबला उज्जैन और नीमच के बीच खेला गया. जिसमें नीमच को हराकर उज्जैन ने विजेता का खिताब अपने नाम किया.**

बता दें उज्जैन में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और नीमच की पूरी टीम 144 रन के स्कोर पर आउट हो गई. नीमच की ओर से जतिन चौहान 42 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज बल्लेबाजी नहीं कर सका. उज्जैन की ओर से विजय खारोल में शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिए. 144 रन का पीछा करने उतरी उज्जैन की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 304 रन 9 विकेट के नुकसान पर बना लिए. उज्जैन की ओर से आरुष अग्रवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 148 रन की पारी खेली. उनके साथ रोहान खान ने 42 रन बनाए. पहली पारी की बढ़त के आधार पर उज्जैन जिला प्रतियोगिता का विजेता बना. प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मेंबर अजय तोमर, पूर्व डीएसओ बीएल चोरगले, डीएसओ खेल एवं युवक कल्याण विभाग रविंद्र हार्डिया, उज्जैन संभागीय संगठन सचिव सुरेंद्र काबरा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह भदोरिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ.

**खिलाड़ियों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी**

समापन अवसर पर अजय तोमर ने शाजापुर में क्रिकेट की गतिविधियों पर हर्ष व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से खिलाड़ियों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी. इस मैच की स्कोरिंग अंतरराष्ट्रीय स्कोरर रूपेश प्रजापति के द्वारा की गई, जो हाल ही में महिला वर्ल्ड कप के तीन मैचों में स्कोर का दायित्व निभाकर आए हैं. कार्यक्रम का संचालन जिला क्रिकेट एसोसिएशन सदस्य अशफाक खान ने किया. उपरोक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज आर्य ने दी.